Reg. No. | | | | | | | | | |

BCAHDL 154/BSAHDL 154

Credit Based II Semester B.C.A./B.Sc. (Animation and Visual Effects) Degree Examination, May/June 2016
(New Syllabus) (2015-16 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE (Group – I) (Paper – II)

Time : 3 Hours | Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द अथवा **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **(5×1=5)**

1) 'वसंत' एकांकी में स्त्री का नाम क्या है ?
2) राजनाथ कहाँ रहते थे ?
3) 'एक दिन' एकांकी के रचयिता कौन है ?
4) सेक्रेटरी का नाम क्या है ?
5) 'रक्त-चन्दन' एकांकी में जहर किसे पिलाया जाता है ?

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(3×5=15)**

1) न। उड़ जानेवाली चीजों को प्यार नहीं करना चाहिए। छोडकर चली जाती है तो दु:ख होता है।
2) साढे छह तक आराम से आयेंगे लोग। वक्त की पाबन्दी तो सिर्फ एक आदमी पर है।
3) पुरुष की समझ में स्त्री कभी नहीं आती।
   मुझे आप जितना ही अधिक समझना चाहेंगे,
   मैं आपसे उतनी ही दूर होती जाऊंगी।
4) हैवान से आदमी नहीं डरता, लेकिन जब इन्सान हैवान बन जाता है तो उससे बस डरा ही जाता है।

III. अ) 'वसंत' एकांकी का सारांश लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **10**

अथवा

"बहुत बडा सवाल" एकांकी में छिपे व्यंग्य को अपने शब्दों में समझाइए।

आ) पठित एकांकी के आधार पर राजनाथ का चरित्र चित्रण कीजिए। **10**

अथवा

'रक्त-चंदन' एकांकी के आधार पर राधाकृष्ण का चरित्र चित्रण कीजिए।

IV. "दौड़" उपन्यास की कथावस्तु को संक्षेप में लिखिए। **10**

अथवा

दौड़ उपन्यास के आधार पर 'रेखा' का चरित्र चित्रण कीजिए।

P.T.O.

V. टिप्पणी लिखिए :

अ) शीला। 5

अथवा

मालती का पति।

आ) स्टैला। 5

अथवा

राजुल।

VI. अ) स्टेट बैंक आफ इंडिया में व्यावस्थापक पद के लिए मोहन कुमार के नाम से एक स्ववृत तैयार कीजिए। 5

आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5×1=5)

''ऐतिहासिक नगरी आगरा के निकट सतत प्रवाहिनी नीली-धारावाली यमुना के दाहिने तट पर ताजमहल स्थित है। बादशाह शाहजहाँ ने इसे अपनी बेगम मुमताज की स्मृति में बनवाया था। अपने पति से बेगम ने इस असार संसार से बिदा लेते समय निवेदन किया था कि, 'मेरी मृत्यु होने पर एक ऐसा मकबरा बनवाना जो संसार में सबसे सुन्दर एवं स्थायी हो।' बादशाह ने अपनी प्राणेश्वरी की अंतिम आकांशा की पूर्ति का भरसक प्रयास किया। इसको उसमें सफलता भी मिली। ताजमहल संसार के सात आश्चर्यों में से एक है। वर्षो के बाद भी वह अपने यथावत् रूप में दर्शकों के मन को मोह रहा है। सौकड़ों कारीगरों एवं मज़दूरों के निरंतर बीस वर्ष के परिश्रम का परिणाम यह ताजमहल है। इसके बनवाने में बाईस करौड रुपया खर्च हुआ था।''

प्रश्न :

1) ताजमहल किस नगर में स्थित है ?

2) ताजमहल को किसने बनवाया ?

3) ताजमहल को किसकी अंतिम आकांशा की पूर्ति के लिए बनवाया गया ?

4) ताजमहल के निर्माण में कितने वर्ष लगे।

5) ताजमहल को बनवाने में कितने रूपये खर्च हुए ?

VII. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : (2×5=10)

1) प्रयोजनमूलक हिन्दी।

2) मीडिया और समाज।

3) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया।